नोएडा, बुधवार, 17 दिसंबर 2014

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

एजुकेशन न्यूज ››

एमबीए कोर्स है संभावनाओं से भरपूर

हरिवंश चतुर्वेदी, डायरेक्टर, बिमटेक

एमबीए कोर्स कर आप उंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। अगर आपने सोच-समझ कर फैसला लिया है तो आपको आपकी मंजिल तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। हर भारतीय अभिभावक और उनकी युवा पीढ़ी के मन में यह सवाल उठते हैं कि एमबीए करने से क्या फायदा होगा? क्या एमबीए की पढ़ाई पर जितना खर्च होगा, उतना कितने साल की नौकरी से वसूल हो पाएगा? क्या एमबीए करने के बाद सबको नौकरी मिल पायेगी? क्या स्नातक डिग्री पाने के बाद सीधे एमबीए करना चाहिये या कुछ वर्ष कार्य-अनुभव पाने के बाद? एडमिशन लेने से पूर्व इन सवालों के जवाब लेना जरूरी है। आप यदि एमबीए में एडमिशन लेने जा रहे हैं तो जरा संभल के चलिए। हर चमकदार पीली धातु-सोना नहीं होती। हर बिजनेस स्कूल आप के करियर को सही दिशा नहीं दे सकता। हो सकता है कि कैट, मैट, सीमैट के आधार पर कई जगहों से आप को एडमिशन के ऑफर लैटर मिलें। आपको सोच-समझ कर चुनाव करना चाहिये। दिल्ली-एनसीआर, गुड़गांव, नोएडा, मुंबई, बेंगलुरू, चंड़ीगढ़, पुणे, हैदराबाद तथा चेन्नई ऐसे केंद्र हैं, जहां पर रोजगार के अवसर ज्यादा पैदा हो रहे हैं। इन शहरों के बिजनेस स्कूलों का उद्योग जगत से जुड़ाव लगातार बना रहता है, जो प्रबंध शिक्षा की आधारभूत जरूरत है।